नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए तय हुईं रियायतें

लखनऊ, विशेष संवाददाता। गौतमबुद्धनगर में बन रहे मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए यूपी सरकार ने आवंटित होने वाले प्लाट के रेट तय कर दिए हैं। साथ ही निवेशकों को दी जाने वाली रियायतें सुविधाएं भी स्पष्ट कर दी हैं।

औद्योगिक विकास विभाग ने शुक्रवार को इससे संबंधित शासनादेश जारी कर दिया। इसमें अधिकतम दो करोड़ रुपये से संयंत्र मशीनरी खरीदने के लिए गए कर्ज पर अधिकतम 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज की प्रतिपूर्ति होगी। पार्क में 4000 वर्गमीटर तक के प्लाट 6670 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से मिलेंगे। इसी तरह 4000-8000 तक वर्ग मी.प्लाट 5680 रुपये ,8000 से 20000 वर्गमीटर तक की जमीन 4810 रुपये वर्गमीटर के हिसाब से दिए जा रहे हैं।

सस्ती बिजली मिलेगी

बिजली 3.95 रुपये केडब्लूएच की दर से 10 साल तक उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा पहली बार निवेशको को दी जा रही है। इस अवधि में अधिकतम पांच प्रतिशत बढ़ोतरी हो सकेगी। प्लांट के लिए पानी चार रुपये प्रति केएल की दर से दस साल तक दिया जाएगा।